**Roll No. ………………**

**B.B.A- 10/BBAH-11 (Bachelor of Business Administration)**
**Second Semester, Examination-2012**
**BBA-203**
**Company Accounts**
**कम्पनी लेखांकन**

**Time: 3 Hours** **Maximum Marks: 60**

**Note:** This paper is of **sixty (60)** marks divided into **three (03)** sections. Learners are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

नोट: यह प्रश्न पत्र साठ (60) अंकों का है जो तीन (03) खंडों में विभाजित हैं | शिक्षार्थियों को इन खंडों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों का चयन करना हैं |

## SECTION – A / भाग- क

**(Long-answer - type questions)/ (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )**

**Note:** Section 'A' contains four (04) long-answer-type questions of fifteen (15) marks each. ***Learners are required to answer any two (02) questions only.***

**(2*15=30)**

नोट : भाग 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह अंक निर्धारित हैं, शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. What do you mean by debenture? What are the various methods of redeeming the debentures?

   ऋणपत्र से आपका क्या अभिप्राय हैं ? ऋणपत्रों के शोधन की कौन-कौन सी विधियाँ हैं ?

2. What do you understand by redeemable preference shares? State the provision of Companies Act, 1956 regarding redemption of preference shares.

   शोधनीय अधिमान अंशों से आप क्या समझते है ? ऐसे अंशों के शोधन संबंधी कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधान बताइए ?

3. What is meant by the final accounts of a company? Describe in brief the provisions of Companies Act, 1956 regarding the preparation of final accounts.

   कम्पनी के अन्तिम खातों से क्या अभिप्राय है ? कम्पनी के अन्तिम खाते बनाने संबंधी कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों का संक्षेप में वर्णन कीजिए |

4. A company issued 1,000 6% debentures of Rs. 100 each at a premium of 10% payable at Rs. 25 on application, Rs. 35 on allotment, Rs. 30 on first call and the balance on second call. Applications for 900 debentures were received and the allotment was made. One debenture holder holding 100 debentures paid the whole amount on allotment. Another debenture holder who holds 50 debentures failed to pay the amount of both the calls. The debentures were allotted on 1st January 2010, date of first call was 1st July, 2010, and second call was made on 1st October, 2010. The company pays interest on advance money @ 6% p.a. Pass journal entries in the books of company.

   एक कम्पनी ने 1,000 , 6% रू. 100 वाले ऋणपत्र 10% प्रीमियम पर निर्गमित किये | इनका भुगतान रू. 25 प्रार्थना पत्र पर, आबंटन पर रू. 35 प्रथम याचना पर रू. 30 और शेष द्वितीय याचना पर देय है | 900 ऋण

पत्रों के लिये आवेदन पत्र प्राप्त हुए और आबंटन कर दिया गया | एक ऋणपत्रधारी जिसके पास 100 ऋणपत्र है, उसने पूर्ण राशि का आबंटन के साथ भुगतान कर दिया | एक अन्य ऋणपत्रधारी जिसके पास 50 ऋणपत्र है, उसने दोनों याचनायों का भुगतान नहीं किया | ऋणपत्रों का आबंटन 1 जनवरी 2010 को हुआ | प्रथम याचना 1 जुलाई, 2010 को की गयी और दूसरी याचना 1 अक्टूबर, 2010 को की गयी | कम्पनी अग्रिम भुगतानों पर 6% वार्षिक दर से ब्याज देती है | कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए |

## SECTION – B / भाग ख

### (Short – answer – type questions)/ लघु उत्तरीय प्रश्न

**Note:** Section 'B' contains eight (08) short- answer type questions of five (05) marks each. ***Learners are required to answer any four (04) questions only.*** Answers of these questions must be restricted to two hundred fifty (250) words approximately.

**(4*5=20)**

नोट :भाग 'ख ' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पांच अंक निर्धारित हैं, शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दो सौ पचास (250) शब्दों से अधिक नही होना चाहिए।

**5. Briefly discuss *any four (04)* of the following;**

निम्न में से किन्हीं चार (04) पर संक्षेप में चर्चा कीजिए;

5.1 Explain the statutory restrictions imposed on allotment of shares.

शेयरों के आवंटन पर लगाए गए सांविधिक प्रतिबंधों का विवेचन कीजिए |

5.2 What are the methods of calculating purchase consideration?

क्रय प्रतिफल की गणना की कौन-कौन सी विधियाँ है ?

5.3 What is debenture redemption fund? How it is created?

ऋणपत्र शोधन कोष क्या है ? इसका सृजन कैसे होता है ?

5.4 Explain the ex-interest and cum-interest in connection with the purchase and sale of debentures.

ब्याज-रहित और ब्याज-सहित को ऋणपत्रों की खरीद और बिक्री के संबंध में समझाइए |

5.5 Borex Ltd. had 20,000 12% redeemable preference shares of Rs. 10 each, Rs. 8 paid up. The company decided to redeem these shares at a premium of 20 percent. The company had a credit balance of Rs. 1,40,000 in profit and loss account, Rs. 50,000 in general reserve and Rs. 20,000 in securities premium account. For redemption 5,000 equity shares of Rs. 10 each were issued at 10% premium. The issue was fully subscribed and all money was dully received. Give necessary journal entries to record the above transactions.

बोरेक्स लिमिटेड के पास रू. 10 वाले 20,000 12% शोध्य अधिमान अंश थे जिन पर रू. 8 प्रति अंश प्रदत्त था | कम्पनी द्वारा इन अंशों के 20% प्रीमियम पर शोधन का निर्णय लिया गया | कम्पनी के पास लाभ-हानि खाते की क्रेडिट में रू. 1,40,000 का, सामान्य संचय में रू. 50,000 का तथा प्रतिभूति प्रीमियम में रू. 20,000 का शेष विद्यमान था | शोधन के लिए रू. 10 वाले 5,000 इक्विटी अंशों का 10% प्रीमियम पर निर्गमन किया गया | ये

सभी अंश अभिदत्त हुए तथा समस्त राशि प्राप्त हो गई | इन व्यवहारों के अभिलेखन हेतु जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए |

5.6 What are the sources from which bonus shares can be issued?

वह कौन से स्रोत हैं, जिनसे बोनस शेयर जारी किए जा सकते हैं?

5.7 Write short notes on;

(a) Prospectus

(b) Pro-rata allotment of shares

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये:

(क) प्रविवरण

(ख) अंशों का यथानुपात बंटन

5.8 Distinguish between surrender of shares and forfeiture of shares.

अंशों के समर्पण तथा अंशों के हरण में अंतर स्पष्ट कीजिए |

## SECTION – C / खंड ग

### (Objective – type questions) / वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**Note:** Section 'C' contains ten (10) objective –type questions of one (01) mark each. ***All the questions of this section are compulsory.***

**(10*1=10)**

नोट :भाग 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये है, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है | इस खंड के सभी प्रश्न अनिवार्य है |

**6. Fill in the blanks with appropriate words or phrases;**

उचित शब्द या वाक्यांश के साथ रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए |

6.1 ………………………… refers to a company which has a minimum paid-up capital of Rs. 1 lakh.

............................उस कंपनी को संदर्भित करती है जिसकी न्यूनतम चुकता पूंजी एक लाख रू. होती है |

6.2 The amount of share premium received by the company is shown under the heading…………………… in the company's balance sheet.

कंपनी द्वारा प्राप्त शेयर प्रीमियम की राशि को कंपनी की बैलेंस शीट में ......................शीर्षक के अंतर्गत दिखाया जाता है |

6.3 Issue of ………………………… is not permissible unless the existing partly paid-up shares are made fully paid up.

............................का निर्गमन तब तक अनुमान्य नहीं होगा जब तक विद्यमान आंशिक प्रदत्त अंश पूर्ण रूप से प्रदत्त नहीं हो जाते है |

6.4 The amount payable by the purchasing company to the vendor company for taking over the business of such company is called……………………………

क्रेता कम्पनी द्वारा विक्रेता कम्पनी को उस कम्पनी का व्यवसाय लेने पर देय राशि ................................ कहलाती है |

6.5 …………………………. are not members of the company.

.............................कंपनी के सदस्य नहीं हैं |

**7. Indicate the correct answer-option;**

उत्तर के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिए ;

7.1 When shares are forfeited, the share capital account is debited by

a) Nominal value of shares b) Called-up amount
c) Paid-up amount d) None of these

जब शेयरों को जब्त किया जाता है, शेयर पूंजी खाता डेबिट किया जाता है

क) शेयरों के अंकित मूल्य से ख) याचित राशि से
ग) प्रदत्त राशि से घ) इनमें से कोई नहीं

7.2 The balance of debenture sinking fund after redemption of debentures is transferred to;

a) Profit and Loss Account b) General Reserve
c) Debenture Account d) None of these

ऋणपत्रों के शोधन के पश्चात ऋणपत्र शोधन कोष का शेष हस्तांतरित किया जाता हैं ;

क) लाभ हानि खाते में ख) सामान्य संचय में
ग) ऋणपत्र खाते में घ) इनमे से कोई नहीं

7.3 Debentures issued as collateral security for Rs. 10,000 will be debited to;

a) Debenture Suspense Account b) Bank Account
c) Debenture Account d) None of these

संपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में जारी किए गए रू. 10,000 के ऋणपत्र, किस खाते में डेबिट किये जाएंगें ?

क) डिबेंचर सस्पेंस खाते में ख) बैंक खाते में
ग) ऋणपत्र खाते में घ) इनमें से कोई नहीं

7.4 Dividend are usually paid on ;

a) Authorized Capital b) Issued Capital
c) Paid-up Capital d) None of these

लाभांश का भुगतान आमतौर से किस पर किया जाता हैं ?

क) प्राधिकृत पूंजी ख) निर्गमित पूँजी
ग) प्रदत्त पूँजी घ) इनमें से कोई नहीं

7.5 Preliminary expenses are transferred by the vendor company at the time of absorption to;

a) Purchasing company's Account b) Realization Account
c) Equity Shareholders' Account d) None of these

विक्रेता कंपनी द्वारा संविलयन के समय प्रारंभिक खर्च को हस्तांतरित किया जाता हैं;

क) क्रेता कम्पनी के खाते में ख) वसूली खाते में
ग) समता शेयरधारकों के खाते में घ) इनमें से कोई नहीं